Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **नगर पालिका सूरजगढ जिला झुंझुनूं में शहर स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ 10,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुये पकड़ा गया।**

जयपुर, दिनांक 09 अक्टूबर, गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **दीपक टेलर, शहर स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ, कम्पनी के मार्फत नगर पालिका सूरजगढ** को परिवादी से **10,000/- रुपये** रिश्वत लेते हुये पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत 2.50 लाख रुपये स्वीकृत हुये थे। जिसमें परिवादी को एक लाख रुपये का भुगतान हो चुका है तथा शेष एक लाख पचास हजार रुपये के भुगतान की एवज में दीपक टेलर 40,000/- रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। रिश्वत मांग सत्यापन दिनांक 06.10.2025 को आरोपी दीपक टेलर ने परिवादी से प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत हुये एक लाख रुपये की एवज में 10,000/- रुपये रिश्वत की मांग की तथा शेष भुगतान स्वीकृत करवाने की एवज में बाद में बताने की कही है एवं पूर्व में भुगतान करवाई गई किस्त की एवज में 10,000/- रुपये की मांग की गई जिस पर रिश्वत मांग के अनुसरण में आज दिनांक 09.10.2025 को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर परिवादी से आरोपी दीपक टेलर, शहर स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ, कम्पनी के मार्फत नगर पालिका सूरजगढ ने रिश्वत राशि प्राप्त कर अपनी पेंट की जेब में रख ली जहां से रिश्वत राशि **10,000/- रुपये** बरामद हो चुकी है। मौके पर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

जिस पर ए.सी.बी. जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झुंझुनूं के **उप अधीक्षक पुलिस श्री शब्बीर खान** मय टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही जारी है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।